Bharat Temples

भोर भई जब सूरज निकले सिन्दूरी रंग छाये

भोर भई जब सूरज निकले सिन्दूरी रंग छाये
पवन के संग संग पंछी बोले मयूर मन मेरा गाये
मन यही गाये जय श्री श्याम .....
जय हो जय हो जय हो श्री श्याम

कलयुग का तू ही अवतारी पूजे तुझको दुनिया सारी
जग का तू ही पालनहारी तेरी महिमा जग से न्यारी
तेरी कृपा का गूँज रहा है दुनिया में जैकारा
हारे का सहारा जय श्री श्याम .....
जय हो जय हो जय हो श्री श्याम

नाम यही जो सबके काम सँवारे
तू श्याम नाम को मन में बसा ले
सरस सुहावन सबके मन को भावन
तू श्याम के संग में प्रीत लगा ले
शयन मान मोती को तू साँसों की माला बना ले
भाग जगा ले ....जय श्री श्याम .....
जय हो जय हो जय हो श्री श्याम

Source:
https://www.bharattemples.com/bhor-bhai-jab-suraj-nikle-sinduri-rang-chaaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw